राजस्व अपील प्राधिकारी, जयपुर

भागीरथ बनाम बद्रीनारायण

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
33/2010		
18/12/2025	पत्रावली प्रस्तुत हुई। अधिवक्ता उभयपक्ष उपस्थित। अधिवक्ता उभयपक्ष की मौखिक बहस पत्रावली पर सुनी गयी। पत्रावली वास्ते निर्णय हेतु दिनांक 26/12/2025 को पेश हो। राजस्व अपील प्राधिकारी जयपुर	
26/12/2025	आज यह पत्रावली वास्ते निर्णय पेश हुई। संक्षेप में तथ्य प्रकरण इस प्रकार है कि रेस्पो. संख्या 1 लगा. 3 ने अधीनस्थ न्यायालय के समक्ष एक वाद बाबत स्थायी निषेधाज्ञा का पेश किया, जिस पर अधीनस्थ न्यायालय द्वारा निर्णय व डिक्री दिनांक 15/11/2007 पारित करते हुए दोनों पक्षों की सहमति के आधार पर खसरा नम्बर 1718 ग्राम बिलान्दरपुर में वादीगण के कब्जे काश्त में प्रतिवादीगण को दखलअन्दाजी नही करने तथा खसरा नम्बर 1751 व 1753 ग्राम बिलान्दरपुर में प्रतिवादीगण के कब्जे काश्त में वादीगण को कोई दखलअन्दाजी नही किये जाने के आदेश प्रदान किये गये। जिससे व्यथित होकर अपीलार्थीगण द्वारा इस न्यायालय के समक्ष यह अपील प्रस्तुत की गयी। जिस पर अधिवक्ता उभयपक्ष की मौखिक बहस पत्रावली पर सुनी गयी। अधिवक्ता उभयपक्ष की बहस पर गौर किया एवं पत्रावली का अवलोकन किया गया। अपीलार्थी द्वारा यह अपील अधीनस्थ न्यायालय द्वारा पारित निर्णय व डिक्री दिनांक 15/11/2007 के विरुद्ध इस न्यायालय के समक्ष दिनांक 27/01/2010 को करीबन 2 वर्ष 2 माह की देरी से मियाद बाहर पेश की गयी है एवं अपीलार्थी द्वारा मियाद का लाभ प्राप्त करने हेतु प्रस्तुत किये गये प्रार्थना पत्र धारा-5 मियाद अधिनियम में सरसरी तौर पर तथ्य अंकित किये गये है, जबकी अधीनस्थ न्यायालय के समक्ष अपीलार्थी की और से अधिवक्ता उपस्थित रहे है तथा उनके अधिवक्ता तथा शेष अन्य अधिवक्ता द्वारा आपसी सहमति प्रकट किये जाने पर ही अधीनस्थ न्यायालय द्वारा अपीलाधीन निर्णय व डिक्री पारित की गयी है। ऐसी स्थिति में प्रार्थना पत्र धारा-5 मियाद अधिनियम में अंकित तथ्य स्वीकार योग्य नही रह जाते है। अत: अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील मियाद बाहर प्रस्तुत होना जाहिर होने एवं गुणावगुण पर भी बलहीन होना जाहिर होने से ख़ारिज की जाती है। पत्रावली फैसल शुमार होकर बाद तामील तकमील दाखिल दफ्तर हो। निर्णय आज दिनांक 26/12/2025 को लिखाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया। राजस्व अपील प्राधिकारी जयपुर	

न्यायालय राजस्व अपील प्राधिकारी